तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	न0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 13/2024 अंतर्गत धारा 76 एल.आर.एक्ट
(GCMS No. 2024/15)

अनवानः

1. परमेश्वरी देवी पत्नि जगमाल जाति ब्राह्मण साकिन रामपुरा न्योला तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर वगैरह।

बनाम

1. इन्दाज पिसरान जगमाल जाति ब्राह्मण साकिन रामपुरा न्योला तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर वगैरह।

29.07.2025

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने दौराने बहस अवगत कराया कि अधीनस्थ न्यायालय में पेश दावे में डिक्री हो गई है तथा दावे में पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो गया एवं बंटवारा भी हो गया है। अभिभाषक रेस्पोडेंट ने भी दौराने बहस कथन किया कि पक्षकारों के मध्य राजीनामा के आधार पर बंटवारा हो गया। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ने अभिभाषक अपीलांट के कथनों पर अपनी सहमति व्यक्त की।

हमने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया तथा उभय पक्ष की बहस पर मनन किया। अभिभाषकगण के कथनानुसार अधीनस्थ न्यायालय में पेश दावें में डिक्री के आदेश हो गये है तथा पक्षकारों के मध्य राजीनामा के आधार पर बंटवारा हो चुका है। ऐसी स्थिति में इस न्यायालय में विचाराधीन उक्त अपील का कोई औचित्य नहीं रह जाता। उक्त परिपेक्ष्य अपील अपीलांट सारहीन (Infructuous) होने के कारण इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अंधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित होकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। आदेश सुनाया गया।

(विश्राम मीणा)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर